**सार-समाचार**

## हेलमेट वितरित किए



**चूरू, (कासं)।** कलेक्ट्रेट सर्किल पर एसपी प्रवीण नायक नूनावत की प्रेरणा से यातायात पुलिस की ओर से राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा महा अभियान के तहत समाजसेवी काशीराम दडिया व लीलाधर के सौजन्य से बिना हेलमेट के वाहन चलाने वालो को हेलमेट व हेलमेट लगाकर वाहन चलाने वालो को गुलाब फुल देकर डीएसपी इस्लाम खान व सिटी सिओ जयप्रकाश अटल ने सम्मान किया। डीएसपी इस्लाम खान व सिटी सिओ जयप्रकाश अटल ने कहा कि दूपहिया वाहन चालको को बाईक को हेलमेट लगाकर चलानी चाहिए। ताकि किसी बड़ी दूर्घटना का शिकार न बन सके। वाहन को नियम से नहीं चलाने पर वाहन चालक को नुकसान उठाना पड़ सकता है। आजकल सभी लोग देखते है कि अस्पताल में आये दिन सड़क दूर्घटनाओं की संख्या बढती जा रही है। इसे रोकने के लिए वाहन चालकों को यातायात नियमों के अनुसार ही चलाना चाहिए। जिससे दूर्घटनाओं पर अकुश लगाया जा सकता है। इससे सड़क दूर्घटना पर अंकुश लगाया जा सकता है। यातायात प्रभारी सुभाषचन्द्र राहड़ ने बताया कि सर्किल पर लोगों को हेलमेट देकर सोमवार को समझाईश की गई है। अब अगर किसी ने बिना हेलमेट दूपहिया वाहन को चलाता हुआ दिखाई दिया तो यातायात नियमों के अनुसार कड़ी कार्रवाई की जायेगी। यातायात प्रभारी राहड़ ने बताया कि सोमवार को 50 लोगों को हेलमेट देकर समझाईश की है कि आगे दूपहिया वाहन चालक हेलमेट लगाकर ही वाहन को चलाए। इस अवसर पर यातायात पुलिस के अधिकारी व कर्मचारियों ने सैकड़ो लोगों को हेलमेट लगाकर दूपहिया वाहन को चलाने के लिए समझाईश की।

## कार्यशाला का शुभारंभ

**सादुलपुर, (निसं)।** आशा देवी ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन सादुलपुर में चार दिवसीय व्यवसाय विकास में पर्सनलिटी डेवलपमेंट कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि एमबीओएलए एनजीओ मुंबई के डायरेक्टर बी. आर. वेंकटेश् सर को डायरेक्ट तेजस्विनी वेंकटेश, संस्था प्रधान राम प्रताप पूनिया की अध्यक्षता में किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पधारे हुए अतिथियों की माल्यार्पण कर किया गया। कार्यशाला में आईटीआई जीएनएम बी.एण्ड, के आशा देवी इंटरनेशनल स्कूल के 40 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। कार्यशाला में भाग लेने वाले आशा देवी ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के 40 विद्यार्थियों को एमबीएलटीए एनजीओ मुंबई की तरफ से चार दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार शब्द का वास्तविकत अर्थ समझाते हुए स्वरोजगार से संबंधित कार्यों को प्रोत्साहित करने संबंधी जानकारियां और स्वयं के व्यवसाय को उन्नति के स्तर पर किस प्रकार से बढाया जाए इसके बारे में जानकारी देंगे। बेरोजगारी क्या है इसकी भारतीय संदर्भ में आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए मुख्य अतिथि बी वेंकटेश्वर ने प्रतिभागियों को वह समस्त स्टाफ को शुभासिष् प्रदान किया। इस हेतू आगामी चार दिवसीय प्रशिक्षण के महता पर प्रकाश भी डाला गया। कार्यशाला की शुरुआत में बी.एड. प्रवक्ता प्रदीप भाकर ने उदियोजकता उद्यमिता शब्दों की व्याख्या के साथ मंच संचालन किया।

## फूड सेफ्टी पर कार्यशाला

**रतनगढ़ (निसं)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के खाद्य सुरक्षा अनुभाग की ओर से फूड सेफ्टी एवं सर्टिफिकेशन कार्यशाला का आयोजन सोमवार को रतनगढ के क्षयरोग निवारण केंद्र के सभागार में किया गया । सीएमएचओ डॉ मनोज शर्मा ने बताया कि 100 दिवसीय कार्ययोजना के तहत खाद्य व्यापारियों को स्वच्छ एवं शुद्ध खाद्य सामग्री के निर्माण, भंडारण, विक्रय व परिवहन के लिए फास्टैग फूड सेफ्टी प्रशिक्षण व सर्टिफिकेशन कार्यशाला का आयोजन किया गया । एफएसएसआई के फास्टैग ट्रैनर महराज द्वारा खाद्य व्यापारियों को प्रशिक्षण दिया गया। व्यापारियों को अंगदान जीवनदान महाभियान के बारे में बताया गया। मोटे अनाज की उपयोगिता के बारे में भी बताया गया। कार्यशाला में खाद्य सुरक्षा अधिकारी निर्मल महर्षि व धर्मवीर ने व्यापारियों को फास्टैग प्रशिक्षण का महत्व बताया।

## दो लाख की क्लेम राशि का चैक सौंपा

**सीकर (निसं)।** बडौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक शाखा मुण्डवाड़ा द्वारा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत संतोष देवी पत्नी बनवारी लाल स्वामी मुण्डवाडा की मृत्यु 6 दिसम्बर 2023 को हो गयी थी। सोमवार को मृतका के पति बनवारी लाल को 2 लाख रूपये की राशि का चैक क्लेम स्वरूप सौंपा गया। गौरतलब है कि मृतका संतोष देवी ने बडौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक शाखा मुण्डवाड़ा में 436 रूपये वार्षिक प्रीमियम पर प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा करवाया था। इस अवसर पर शाखा प्रबन्धक गोपाल माथुर ने सभी पात्र व्यक्तियों से प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना से जुड़ने का आव्हान किया। इस अवसर पर सहायक प्रबन्धक के. के. तिवाड़ी, कार्यालय सहायक सुरेन्द्र कुमार कुमावत, बैंक ग्राहक सहित आमजन उपस्थित थे।

## छतरी वितरण अभियान का शुभारंभ

**रतनगढ़ (निसं)।** समाजसेवी संस्था महावीर इंटरनेशनल अपैक्स की स्थानीय इकाई की और से तेज धूप व बारिश से बचाव हेतु जरूरतमंद रेहड़ी–पटरी वालो को बड़ी छतरी वितरण अभियान का शुभारंभ रविवार को बस स्टैंड पर किया गया। इस दौरान बस स्टैंड पर जूता पोलिस करने वाले को बड़ी छतरी प्रदान की गई। संस्था नगर अध्यक्ष कैलाश चौधरी ने बताया कि आज एक छतरी वितरण कर अभियान का शुभारंभ किया गया है, आगे ओर भी जरुरतमंदों को छतरी वितरण की जाएगी। पार्षद रामकिशन माटोलिया ने कहा कि मानव सेवा सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है ओर किसी भी समाजसेवी संस्था का मुख्य उद्देश्य ये ही होना चाहिए। इस मौके पर सुरेश मुरारका, संजय मुरारका आदि मौजूद थे।

## घोड़ी पर बिठाकर बेटी की बिन्दोरी निकाली

**तारानगर (निसं)।** तारानगर के वार्ड 16 निवासी प्रताप कलिया ने बेटा बेटी में भेद न समझते हुए अपनी बेटी पूजा कलिया की घोडी पर बिठाकर बिंन्दोरी निकाली। पूजा के परिवारजन डीजे की धुन पर झूमते हुए गली मोहल्ले में बिंन्दोरी के साथ ख़ुशी मनाई। पूजा के पिता प्रताप कलिया ने कहा हमने बेटा बेटी में कभी फर्क नहीं समझा बेटे के बराबर ही बेटी को समझा हैं। इस मौके पर ओमप्रकाश, पालाराम, हेमराज, श्रवण कुमार, काशीराम, भगवानाराम, डूंगर मल, राजेश, मंगलाराम, गिरधारी सहित लड़की के परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

## उप चुनाव का कार्यक्रम घोषित

**चूरू, (कासं)।** राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से जिले की राजगढ, तारानगर, सरदारशहर एवं चूरू पंचायत समिति की विभिन्न ग्राम पंचायतों के रिक्त पड़े कुल 9 वार्ड पंचों एवं 2 पंचायत समिति सदस्यों के उप चुनाव 1मार्च को करवाने के लिए कार्यक्रम जारी किया गया है। कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में आदर्श आचरण संहिता के प्रावधान तुरंत प्रभाव से लागू हो गए हैं। जो चुनाव प्रक्रिया समाप्ति तक लागू रहेंगे।

## जनसुनवाई 15 फरवरी को

**चूरू, (कासं)।** जिला कलेक्टर पुष्पा सत्यानी की अध्यक्षता में गुरुवारए 15 फरवरी को सवेरे 11 बजे जिला कलेक्ट्रेट परिसर स्थित जन सेवा केन्द्र में जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा। अतिरिक्त जिला कलेक्टर उत्तम सिंह शेखावत ने बताया कि जनसुनवाई में जन अभाव.अभियोग सुने जाएंगे।

## जिला परिषद की बैठक आज

**सीकर (निसं)।** जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राकेश कुमार गढ़वाल ने बताया कि जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक जिला प्रमुख गायत्री कंवर की अध्यक्षता में 13 फरवरी 2024 को जिला परिषद के सभा कक्ष में प्रात:11.30 बजे आयोजित की जायेगी।

# लक्जरी कार से अवैध डोडा पोस्त छिलका व चूरा की तस्करी करते दो गिरफ्तार

**सादुलपुर, (निसं)।** राजगढ थाना पुलिस ने सोमवार को एन.एच. 52 पर गोठया बडी ऑवरब्रीज के पास नाकाबंदी कर लक्जरी कार में अवैध डोडा पोस्त छिलका व चूरा की तस्करी करते दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

थानाधिकारी सुभाष चन्द्र ने बताया कि बलवत सिंह उपनिरीक्षक ने मय टीम के कार्यवाही करते हुए धर्मजीत पुत्र प्रितम सिंह जट सिख उम्र 36 साल निवासी पायल पुलिस थाना पायल जिला लुधियाना पंजाब व अनवर मोहम्मद पुत्र रफीक मोहम्मद मुसलमान उम्र 35 साल निवासी जसड पुलिस थाना बेलो जिला लुधियाना पंजाब के कब्जे से होण्डा अकॉर्ड कार से 3० किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्त छिलका व चूरा बरामद कर धारा 8/15 एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत राजगढ थाने में प्रकरण दर्ज किया गया है। थानाधिकारी सुभाष चन्द्र ढील ने बताया कि प्रकरण का अनुसंधान हमीरवास थानाधिकारी राजेश कुमार बुडानिया द्वारा किया जा रहा है।



अवैध डोडा पोस्त छिलका व चूरा की तस्करी के दो आरोपी पकड़े।

आरोपियों द्वारा अवैध डोडा पोस्त कहां से लाने व आगे कहां ले जाने के सम्बंध में गहनता से अनुसंधान जारी है। कार्यवाही में बलवन्त सिंह उपनिरीक्षक, मुकेश कुमार कानि., सुरेश कुमार कानि., कुलदीप कानि. जीप चालक आदि शामिल रहे।

गौरतलब है कि अवैध मादक पदार्थो की धरपकड व निगरानी हेतु आईजी सीकर के दिशा निर्देशों में प्रवीण नायक नूनावत जिला पुलिस अधीक्षक चूरू के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजगढ राजेश चौधरी, प्रशान्त किरण (आईपीएस) वृताधिकारी वृत राजगढ के निकटतम सुपरविजन में सुभाषचन्द्र पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी राजगढ के नेतृत्व कार्यवाही को अंजाम दिया है।

# मुख्य सड़क पर डाला जा रहा कचरा, लोगों ने प्रदर्शन किया

**खेतड़ी, (निसं)।** खेतडी उपखंड के गोठडा पंचायत के मुख्य सडक पर डाले जा रहे कचरे को लेकर सोमवार को ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान ग्रामीणों ने नियमित सफाई करने की मांग भी की है। विरोध कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि पुलिस थाने के सामने मुख्य सड़क पर आवासीय क्वार्टर में रहने वाले लोगों द्वारा कचरा डाल दिया जाता है।

उक्त लोगों द्वारा डाले गए कचरा हवा चलने से सडक पर उड़ने लगता है, जिससे राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। सडक पर आए दिन होने वाले कचरे की समस्या से परेशान ग्रामीणों ने कई बार ग्राम पंचायत व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को समस्या को लेकर अवगत करवाया गया था, लेकिन कचरे के प्रबंधन को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे। इसके अलावा नियमित सफाई नहीं होने से मुख्य सड़क के पास कचरे के ढेर लगे रहते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि आए दिन कचरे के ढेर लगने से मौसमी बीमारियां फैलने का भय बना हुआ है। इसके बावजूद भी ग्राम पंचायत व प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार कचरा डालने वाले लोगों को पाबंद करने का प्रयास भी क्या जा चुका है, लेकिन चोरी छुपे लोग मुख्य सड़क के पास कचरा डालकर चले जाते हैं, जिसके चलते सडक किनारे दुकान लगाने वाले व्यापारियों को भी काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। मुख्य सडक के पास कचरा डाल देने से गंदगी के देर में बदबू आती रहती है तथा बीमारियां बढ़ने का आदेश लगा रहता है। इस दौरान ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत से सड़क किनारे डाले जा रहे कचरे के प्रबंधन को लेकर प्रभावित कदम उठाए जाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि यदि जल्द ही ग्राम पंचायत व प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो ग्रामीणों की ओर से बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा।

# वार्षिकोत्सव में 170 विद्यार्थी सम्मानित

**रतनगढ़, (निसं)।** श्री चिरंजी लाल धानुका उ मा आदर्श विद्या मंदिर एवं श्री दुर्गाप्रसाद धानुका बालिका उ मा आदर्श विद्या मंदिर का रविवार को वार्षिक उत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया।

दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम का शुभारम्भ संत सानिध्य संत श्री निवृति नाथ कृष्णा महाराज (प्रणवाश्रम गर्नडी धाम, सीकर), मुख्य वक्ता ग्यारसीलाल जाट (माननीय विभाग संघचालक, सीकर विभाग), अध्यक्ष रामगोपालजी धानुका ( चैयरमेन, धानुका ग्रुप, दिल्ली), विशिष्ट अतिथि मदनलाल प्रजापत (जिला अध्यक्ष आदर्श शिक्षण संस्थान चूरू), स्वागताध्यक्ष महेन्द्रकुमार धानुका तथा प्रान्तीय मंत्री शैलेन्द्र शर्मा के सानिध्य में हुआ। प्रधानाचार्य लोकेश कुमार चौमाल ने मंचस्थ अतिथियों का परिचय करवाया।

सन्त निवृतिनाथ कृष्णा महाराज ने बताया कि वर्तमान में तीव्र विकास के साथ-साथ हम सभी को नैतिक मूल्यों का त्याग नहीं करना चाहिए। धानुका परिवार ने शिक्षा के क्षेत्र में नगर में नई मिशाल कायम की है। इन्होनें सिद्ध करके बता दिया कि सभी धन में विद्या धन ही सर्वापरि है।

कार्यक्रम को रामगोपाल धानुका तथा महेन्द्र धानुका ने भी संबोधित करते हुए कहा कि हमें शिक्षा के क्षेत्र में ईश्वर ने अवसर दिया। विद्यालय परिवार जब जब हमें पुनीत कार्यों के लिए आग्रह करेगा, हमारा उत्तर सकारात्मक ही रहेगा।

# शिविर में आंखों की जांच की

**चूरू, (कासं)।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत राजकीय विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों से स्वास्थ्य जांच के पश्चात रैफर किए गए रोग ग्रस्त बच्चों का उपचार शिविर सोमवार को घांघू के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित किया गया। इस मौके पर जीएसएस के पूर्व अध्यक्ष परमेश्वरलाल दर्जी ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। बच्चे स्वस्थ रहेंगे तो निश्चित तौर पर हमारा भविष्य खुशहाल होगा। छोटे बच्चों के लिए राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत सरकार बहुत ही अच्छा कार्य कर रही है। जरूरतमंद बच्चों को सरकार की इन स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ दिलवाना चाहिए। समाजसेवी महावीर नेहरा ने कहा कि सरकार समय-समय पर शिविर आयोजित कर रोग ग्रस्त बालकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर बीमारियों का निदान कर रही है।

# प्रशासन ने मुख्य सड़क पर हो रहे अतिक्रमण को हटाया

**खेतड़ी, ( निसं )** सिंघाना कस्बे में मुख्य सड़क पर दुकानों के आगे सामान लगाकर अतिक्रमण होने से राहगिरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिसको लेकर सोमवार को प्रशासन की टीम ने मुख्य सड़क पर सामान लगाकर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया है।

इस दौरान दोबारा से सामान लगाकर अतिक्रमण करने पर सामान को जब्त करने के निर्देश भी दिए गए हैं। नायब तहसीलदार बजरंग लाल ने बताया कि व्यापारियों द्वारा मुख्य सड़क पर अपनी दुकानों के सामने सामान रख दिया जाता है, जिसके चलते सड़क सकरी हो जाती है। दुकानों के आगे सामान लगने से आमजन को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। वहीं आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है।

मुख्य बाजार में दोनों ओर से वाहनों के आ जाने से निकलने की जगह भी नहीं रहती है, जिसके चलते राहगीरों को घंटों जाम में फंसा रहना पड़ रहा है। कई बार स्थिति ऐसी नाजुक हो जाती है कि इमरजेंसी केस लेकर आने वाली एंबुलेंस को भी जाम की स्थिति का सामना करना पड़ता है। मुख्य बाजार में व्यापारियों द्वारा सामान लगा देने से आए दिन लगने वाले जाम की समस्या को लेकर ग्रामीणों की ओर से कई बार प्रशासन को अवगत भी करवाया जा चुका है। इसके अलावा सीएलजी की मीटिंग में भी हर बार यही मुद्दा उठाया जाता है। जिस पर प्रशासन की ओर से जल्द कार्रवाई करने का आश्वासन दिया जाता है, लेकिन समान लगाने वालों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। नायब तहसीलदार बजरंग लाल जाखड़ ने बताया कि प्रशासन की ओर से बाइपास सर्किल, मुख्य बाजार, पुराना बस स्टैंड सहित अन्य स्थानों पर दुकानों के सामने हो रहे अतिक्रमण को हटाकर व्यापारियों को दोबारा से सामान नहीं लगाने के लिए पाबंद किया गया है। यदि इसके बावजूद भी कोई व्यापारी अपनी दुकान से आगे बढ़कर सामान लगता हुआ पाया गया तो उसके खिलाफ प्रशासन की ओर से प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। इस मौके परनायब तहसीलदार बजरंग जाखड़, नगर पालिका ईओ सुरेश कुमार वर्मा, विकास अधिकारी दारासिंह सिंह, एएसआई विद्याधर शर्मा मौजूद थे।

# अस्पताल में मरीजों को फल वितरण

**रतनगढ़ (निसं)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रवादी मंच की ओर से उपाध्याय की 56वीं पुण्यतिथि पर रविवार को जिला अस्पताल में फल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान इमरजेंसी वार्ड, महिला वार्ड एवं जनरल वार्ड में भर्ती मरीजों को एवं उनके साथ आए हुए परिजनों को फल वितरण किया गया।

मंच संयोजक अरविंद इंदौरिया के कहा कि परम श्रद्धेय उपाध्याय के जीवन से हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए और अंत्योदय के भाव से समाज के अंतिम छोर तक बैठे हुए लोगों की भी सेवा करते हुए राष्ट्र व समाज के लिए अपना जीवन सार्थक दिशा में लगाना चाहिए। वरिष्ठ पार्षद नंदकिशोर भार्गव ने कहा कि सेवा भावना के लिए ही राष्ट्रवादी मंच का गठन हुआ है, मंच के कार्यकर्ता एकात्मक मानववाद दर्शन को आत्मसात करते हुए कार्य कर रहे हैं।


**नाम परिवर्तन**

मेरी पुत्री के विद्यालय रिकॉर्ड, जन्म प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेजों में मेरी पुत्री का नाम मुस्कान दर्ज हो गया, जो गलत है। जबकि मेरी पुत्री का सही नाम मुस्कान कुमारी है। अब मैं मेरी पुत्री के विद्यालय रिकॉर्ड व सभी दस्तावेजों में मेरी पुत्री का गलत नाम मुस्कान के स्थान पर सही नाम मुस्कान कुमारी दर्ज करवाना चाहता हूं, जिसे दुरूस्त कर दर्ज किया जावे।

**शपथग्रहिता**
**सुरजभान आयु 33 साल पुत्र श्री नानड़राम जाति जाट निवासी रड़वा तहसील राजगढ जिला चूरू (राजस्थान)**

**नाम परिवर्तन**

मेरे पुत्र के विद्यालय रिकॉर्ड, जन्म प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेजों में मेरे पुत्र का नाम शुभम दर्ज हो गया, जो गलत है। जबकि मेरे पुत्र का सही नाम शुभम कुमार है। अब मैं मेरे पुत्र के विद्यालय रिकॉर्ड व सभी दस्तावेजों में मेरे पुत्र के गलत नाम शुभम के स्थान पर सही नाम शुभम कुमार दर्ज करवाना चाहता हूं, जिसे दुरूस्त कर दर्ज किया जावे।

**शपथग्रहिता**
**सुरजभान आयु 33 साल पुत्र श्री नानड़राम जाति जाट निवासी रड़वा तहसील राजगढ जिला चूरू (राजस्थान)**

**कार्यालय नगर विकास न्यास, सीकर**
**सर्किट हाउस के पास, जयपुर रोड, सीकर-332001**
क्रमांक :- न.वि.न्या/नियमन/2023-24/219 दिनांक :- 09.02.2024

**लोक सूचना/आपत्ति विज्ञप्ति**

नगर विकास न्यास सीकर में आवेदक किरण देवी अग्रवाल पत्नी अमित कुमार अग्रवाल जाति महाजन नि. राम-लखन निवास, विक्रम गैस गोदाम के आगे राधाकिशनपुरा सीकर व सुमन अग्रवाल पत्नी हेमंत कुमार अग्रवाल जाति महाजन निवासी राधाकिशनपुरा सीकर द्वारा राजस्व ग्राम चैनपुरा तहसील सीकर के खसरा सं. 425 रकबा 0.3500 है., खसरा नंबर 426 रकबा 0.3300 है., खसरा नंबर 1407/427 रकबा 0.1850 है., खसरा नंबर 423 रकबा 0.2374 है., व खसरा नंबर 424 रकबा 0.2524 है., भूमि का आवासीय योजना प्रयोजनार्थ ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदित भूमि मास्ट प्लान 2031 में परिधि नियंत्रण पट्टी में स्थित है। नगरीय विकास विभाग द्वारा अधिसूचना क्रमांक F3(77)UDH3/2010Part दिनांक 10.08.2020 में राजस्थान टाउनशिप पॉलिसी 2010(10 है. तक) में जारी नये प्रावधानों में ग्रामीण सड़क पर आवासीय योजनायें मूल ग्रामीण आबादी के अंतिम छोर से 500.00 मीटर की परिधि तक अनुज्ञेय है।

टाउनशिप पॉलिसी 2010 के प्रावधान 5.01 (ई)(बी)/प्रावधान3 (iii)(बी) के बिन्दु संख्या 3 अनुसार इस क्षेत्र में जोनल प्लान प्रभावी नहीं होने के कारण चैनपुरा ग्राम से देवलानाडा तक खसरा संख्या 305 व 875 रास्ते को 18 मीटर किया जाना प्रस्तावित किया गया है। जिसका समायोजन जोनल प्लान बनाते समय नगर विकास न्यास सीकर द्वारा कर लिया जायेगा।

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को उक्त के संबंध में आपत्ति/आक्षेप इस नोटिस के प्रकाशन के 10 दिन भीतर-भीतर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 09.02.2024 को जारी की गयी।

**जय कौशिक (RAS) सचिव, नगर विकास न्यास, सीकर**

**कार्यालय नगर पालिका मण्डल, राजगढ़ (चूरू)**
E-Mail Address -eonp.sdlp@yahoo.in Phone :- 01559 - 222039
क्रमांक:-न.पा.रा/2023-24/2502-03 दिनांक:-12.02.2024

**आपत्ति सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदन पत्रों के द्वारा पट्टा तामिर स्वीकृति /कृषि भूमि नियमन/खांचा भूमि नियमन/स्टेट ग्रान्ट एक्ट/69ए हेतु आवेदन किया गया है। जिस किसी व्यक्ति को इस संबंध में आपति हो वह विज्ञप्ति प्रकाशन के सात दिवस में व लोक सूचना के लिए 15 दिवस में नगरपालिका कार्यालय में लिखित में पेश कर देवे। संपूर्ण जानकारी के लिए नगरपालिका राजगढ़ (चूरू) की भूमि-शाखा कमरा नं.10 से पता करें। समयावधि निकलने के पश्चात आपति विचारानीय नही होगी। विवरण निम्नानुसार है।

| क्र. सं. | पत्रावली | नाम आवेदक<br>69क आपत्ति सूचना | क्षेत्रफल | किस्म |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2299/02.02.2024 | मोहम्मद सलीम पुत्र यासीन खान, वार्ड नं. 30, मोहल्ला मक्का मस्जिद के पास,राजगढ़ (चूरू) | 105.06 वर्ग मीटर | आवासीय |
| 2 | 2300/05.02.2024 | रजिया पत्नी मो. सलीम बिसायती, वार्ड नं. 22, पुराने वाटर वर्क्स के पास, राजगढ़ (चूरू) | 73.15 वर्ग मीटर | आवासीय |
| 3 | 2301/05.02.2024 | पुरूषोतम पुत्र श्योलाल जांगिड़, वार्ड नं. 06, राजगढ़ (चूरू) | 106.87 वर्गमीटर | आवासीय |
| 4 | 2302/05.02.2024 | चन्द्रकला पत्नी स्वः सुरेश कुमार, वार्ड नं. 06, गोगाजी मन्दिर के पास, राजगढ़ (चूरू) | 72.46 वर्गमीटर | आवासीय |
| 5 | 2303/06.02.2024 | नौरंगराम भाटी पुत्र डूंगरराम भाटी, वार्ड नं. 29(37) मोहल्ला रामबास, राजगढ़ (चूरू) | 272.05 वर्गमीटर | आवासीय |
| 6 | 2304/06.02.2024 | विद्या देवी पत्नी स्वः श्री ओमप्रकाश, वार्ड नं. 15(08) मोहल्ला लुदीबास, राजगढ़ (चूरू) | 88.69 वर्गमीटर | आवासीय |
| 7 | 2305/07.02.2024 | कौशल्या पत्नी पूर्णराम, वार्ड नं. 28, मोहल्ला कुम्हारों का, राजगढ़ (चूरू) | 128.34 वर्गमीटर | आवासीय |
| 8 | 2306/08.02.2024 | भंवरसिंह पुत्र सुरजनसिंह, वार्ड नं. 23, ढाणी स्वामीयान, राजगढ़ (चूरू) | 276.00 वर्गमीटर | आवासीय |
| 9 | 2307/08.02.2024 | वसीम अकरम पुत्र शरिक खान, वार्ड नं. 12 आथूना, राजगढ़ (चूरू) | 28.83 वर्गमीटर | आवासीय |
| 10 | 2308/08.02.2024 | सगुफता बानो पत्नी रफीक खां, वार्ड नं. 12, आथूना, राजगढ़ (चूरू) | 30.00 वर्गमीटर | आवासीय |
| 11 | 2309/08.02.2024 | गुलाब बानो पत्नी मोहम्मद निसार, वार्ड नं. 12, मोहल्ला आथूना, राजगढ़ (चूरू) | 136.03 वर्गमीटर | आवासीय |
| 12 | 2310/08.02.2024 | मोहम्मद असलम पुत्र गन्नी खान, वार्ड नं. 12, आथूना, राजगढ़ (चूरू) | 28.05 वर्गमीटर | आवासीय |
| 13 | 2311/08.02.2024 | गोस मोहम्मद पुत्र गन्नी खान, वार्ड नं. 12, मोहल्ला आथूना, राजगढ़ (चूरू) | 27.86 वर्गमीटर | आवासीय |
| 14 | 2312/09.02.2024 | परमेश्वरलाल पुत्र इन्द्राज स्वामी, वार्ड नं. 23, स्वामियों की ढाणी, राजगढ़ (चूरू) | 97.13 वर्गमीटर | आवासीय |
| 15 | 2313/12.02.2024 | अशोक कुमार पुत्र राधाकिशन, वार्ड नं. 14 नया 18, मोहल्ला पिलानी मोड़, राजगढ़ (चूरू) | 36.23 वर्गमीटर | आवासीय |
| 16 | 2314/12.02.2024 | शीशराम प्रजापत पुत्र प्रमेश्वरलाल, वार्ड नं. 06, गोगाजी मन्दिर के पास, राजगढ़ (चूरू) | 111.48 वर्गमीटर | आवासीय |
| 17 | 2315/12.02.2024 | श्रीमती स्नेहलता पत्नी भंवरसिंह राजपूत, वार्ड नं. 09, मोहल्ला बागवास, राजगढ़ (चूरू) | 74.47 वर्गमीटर | आवासीय |

| क्र. सं. | पत्रावली | नाम आवेदक<br>स्टेट ग्रान्ट आपत्ति सूचना | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| 1 | 1330/09.02.2024 | असगर अली पुत्र नत्थू वार्ड नं. 06 नया 07, तेलियान मस्जिद के पास, राजगढ़ (चूरू) | 89.10 वर्ग मीटर |
| 2 | 1331/09.02.2024 | मुंशी पुत्र नत्थू वार्ड नं. 06 नया 07 मोहल्ला तेलिया मस्जिद के पास राजगढ़ (चूरू) | 89.55 वर्ग मीटर |

**(रजिया गहलोत)**
**अध्यक्ष**
**नगरपालिका, राजगढ़ (चूरू)**

**(प्रियंका बुडानिया)**
**अधिशाषी अधिकारी**
**नगरपालिका, राजगढ़ (चूरू)**